प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कल से रूस दौरा, विभिन्न बैठकों में लेंगे हिस्सा।
- वाइब्रेंट विंध्य में बायर–सेलर मीट का आयोजन 23 अक्टूबर को रीवा में, मुख्यमंत्री उद्योगपतियों से करेंगे मुलाकात।
- पुलिस स्मृति दिवस पर प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शहीद पुलिसकर्मियों की दी श्रद्धांजलि।
- उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कहा– ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करना सरकार की प्राथमिकता।

प्रधानमंत्री – विदेश मंत्रालय की रूस यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कल रूस जाएंगे। श्री मोदी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर रूस का दौरा कर रहे हैं। शिखर सम्मेलन के इस संस्करण का विषय न्यायसंगत वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करना है। प्रधानमंत्री की रूस यात्रा के बारे में आज नई दिल्ली में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि भारत ब्रिक्स का संस्थापक सदस्य है और इसकी स्थापना के बाद से इसकी सभी गतिविधियों में भाग लिया है। विदेश सचिव ने कहा कि दो दिवसीय शिखर सम्मेलन आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के अलावा ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा तथा स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देगा। श्री मिस्री ने बताया कि पिछले साल जोहान्सबर्ग शिखर सम्मेलन के दौरान ब्रिक्स के पहले विस्तार के बाद यह पहला शिखर सम्मेलन होगा। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री की कुछ द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेने की उम्मीद है।

शिवराज–भूमि अभिलेख

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार ने छह लाख 26 हजार से अधिक गांवों में भूमि अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण किया है, जिसमें पांच हजार से अधिक उप–पंजीयक कार्यालय शामिल हैं। उन्होंने आज नई दिल्ली में शहरी भूमि अभिलेखों के लिए सर्वेक्षण–पुनर्सवेक्षण में आधुनिक तकनीकों पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का उद्‌घाटन किया। भू–आधार पहल के तहत हासिल की गई उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए श्री चौहान ने कहा कि भूमि संसाधन विभाग ने लगभग 14 करोड़ भू–आधार विशिष्ट भूमि पार्सल पहचान संख्याएं पंजीकृत की हैं।

वाइब्रेंट विंध्य–आरआईसी

चार संभागों में सफल रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव– आरआईसी के बाद रीवा में 5वीं आरआईसी 23 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। इसमें "वाइब्रेंट विंध्य" बायर–सेलर मीट मुख्य आकर्षण होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व और उनके प्रयासों से प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई दिशा देने के लिए रीवा में होने वाली आरआईसी में 2500 से अधिक उद्यमी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव उद्योगपतियों से मुलाकात कर उनसे प्रदेश में निवेश की संभावनाओं और अवसरों पर चर्चा करेंगे। इस मीट के दौरान व्यावसायिक साझेदारियों के लिए बैठकें होंगी। जहां विंध्य क्षेत्र के स्थानीय उद्यमी और बाहरी राज्यों के उद्यमी बिज़नेस अपॉर्चूनिटी़ पर चर्चा होगी। इस बायर–सेलर मीट में 10 से अधिक राज्य उत्तर प्रदेश, गुजरात,

राजस्थान, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और हरियाणा से उद्यमी शामिल होंगे। कॉन्क्लेव में विंध्य क्षेत्र की समृद्ध और पारंपरिक खाद्य संस्कृति से प्रतिनिधियों को परिचय कराया जायेगा। बघेलखंड के विशिष्ट व्यंजनों का स्वाद लेकर मेहमान स्थानीय स्वाद का आनंद उठाएंगे।

मुख्यमंत्री उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज उज्जैन में सिंहस्थ मेला आयोजन को लेकर प्रेस वार्ता की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बताया कि उज्जैन की पहचान साधु संतों से है। इसलिए यहां साधु–संतो, महंत, अखाड़ा प्रमुखों, महामंडलेश्वर आदि महात्माओं के लिए स्थायी आश्रम बनाए जाएगे।
उज्जैन में 12 वर्षों में एक बार आयोजित होने वाला सिहंस्थ मेले का आयोजन 2028 में किया जाएगा।

पुलिस स्मृति दिवस

पुलिस स्मृति दिवस पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने ड्यूटी करते हुए अपनी जान गंवाने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे पुलिसकर्मियों का अटूट समर्पण सराहनीय है। केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह ने आज सुबह नई दिल्ली में राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर श्री शाह ने कहा कि 36 हजार 468 पुलिसकर्मियों ने कर्तव्य पथ पर सर्वोच्च बलिदान दिया है। पिछले एक साल में 216 पुलिसकर्मियों ने सर्वोच्च बलिदान दिया है।

अवैध शराब

उप–मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि प्रदेश में शराब की अवैध बिक्री सख्ती से रोक लगाई जाए। श्री देवड़ा ने आज भोपाल स्थित पर्यावरण अध्ययन संस्थान (इप्को) में आयोजित नवीन आबकारी नीति/आबकारी व्यवस्था वर्ष 2025–26 के निर्धारण के संबंध में मदिरा की फुटकर बिक्री की दुकानों के लायसेंसियों की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। श्री देवड़ा ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में मदिरा का अवैध परिवहन ना हो तथा संगठित अपराधियों के विरूद्व कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रदेश में शराब के अवैध कारोबार पर पैनी नजर रखी जाएगी और जहां भी अवैध कारोबार या कालाबाजारी की सूचना मिलती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## निरीक्षण

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय** के **अतिरिक्त आर्थिक सलाहकार एम एल मीणा ने आज** भोपाल के **आकाशवाणी परिसर में स्वच्छता का जायजा लिया। उन्होंने परिसर में सफाई अभियान में हिस्सा लिया और पौधा भी लगाया। आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने स्वच्छता अभियान के तहत जारी तमाम प्रयासों की जानकारी दी। श्री मीणा ने दूरदर्शन सहित मंत्रालय की अन्य इकाइयों का निरीक्षण भी किया।**

## मॉडल स्कूल रैंकिंग

"एजुकेशन वर्ल्ड" स्कूल रैंकिंग में भोपाल के टीटी नगर स्थित शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल लगातार तीसरी बार टॉप–टेन में जगह बनाकर हैट्रिक लगाने वाला प्रदेश का पहला और एकमात्र स्कूल बना है। रैंकिंग में मॉडल स्कूल को सातवां स्थान मिला है। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मॉडल स्कूल को श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर वर्ल्ड रैकिंग में स्थान मिलने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता में लगातार सुधार के लिये प्रतिबद्ध है।
बता दें कि "एजुकेशन वर्ल्ड" शिक्षकों और अभिभावकों के लिए एक पोर्टल है, जो हर साल स्कूलों की रैंकिंग जारी करता है।

## उप–मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का सुदृढ़ीकरण कर फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) के रूप में विकसित करने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और अन्य चिकित्सा संस्थानों में पदोन्नति की प्रक्रिया की समीक्षा की और नियमों के अनुसार प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए

## समाचार संक्षेप में .....

- प्रदेश के ग्वालियर, चंबल, जबलपुर संभागों के जिलों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान कहीं कहीं बारिश हुई। वहीं, नर्मदापुरम संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर वर्षा दर्ज़ की गई।
- आगरमालवा जिले में सोयाबीन उपार्जन के लिए 11 हजार से ज्यादा किसानों ने पंजीयन कराया है। खरीफ सोयाबीन उपार्जन का कार्य 25 अक्टूबर से किया जाएगा।
- प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर में होमस्टे योजनाओं के प्रचार–प्रसार की दृष्टि से कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।
- अशोकनगर जिले में डेंगू के रोकथाम व बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है।